पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-16 शुक्रवार, दिनांक-16 मार्च, 2012 ई० ।

मानवीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 09 तारांकित प्रश्न क्रमांक 1865, 1867, 1868, 1870, 1878, 1883, 1885, 1886 एवं 1888 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 169 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री चन्द्रशेखर
(ii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iii) श्री अशोक कुमार सिंह
(iv) श्री राजेश्वर राज
(v) श्री रामधनी सिंह
(vi) श्री अमन कुमार
(vii) श्री कन्हैया कुमार
(viii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(ix) श्रीमती मुन्नी देवी
(x) श्रीमती लेशी सिंह
(xi) श्री कृष्णनन्दन यादव
(xii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(xiii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(xiv) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xv) श्री गजानन्द शाही

शून्यकाल समाप्त होते ही माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया ।

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह एवं अन्य सभासदों के परिवहन विभाग से संबंधित दिनांक 15.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री बैद्यनाथ सहनी एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री नौशाद आलम का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा सूचना योजना एवं विकास विभाग को स्थानान्तरित हुई ।

[4] सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-

(i) माननीय सभापति, प्राक्कलन समिति द्वारा समिति का 146वाँ प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय सभापति, याचिका समिति द्वारा समिति का चौथा प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[5] कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार द्वारा प्रस्तुत दिनांक 16.03.2012 को सम्पन्न कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

[6] वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा राज्य सरकार की राजस्व एवं भूमि सुधार नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसान ग्रहण किया)

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री रामेश्वर पासवान
(ii) श्री विनय कुमार सिंह
(iii) श्री ललन राम
(iv) डॉ० मो० जावेद
(v) श्री सोनेलाल हेम्ब्रम
(vi) श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा
(vii) श्री पवन कुमार जायसवाल

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(viii) डॉ० रणविजय कुमार
(ix) डॉ० फैयाज अहमद
(x) श्री अरूण शंकर प्रसाद

माननीय प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 36 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

[8] अन्य चर्चा :-

क्रिकेट खिलाड़ी श्री सचिन तेन्दुलकर के सौवें शतक पर सदन नेता एवं सदन की भावना के आलोक में आसन से घोषणा की गई कि उनके सौवें शतक पर सदन की ओर से बधाई संदेश उन्हें भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक शनिवार, दिनांक 17 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-16.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।